an>

Title: Need to include farmsteads in Haryana for electrification under Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana.

श्री दुष्यÂयंत चौटाला (हिसार) : अध्यक्ष महोदया, जिस तरह सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना की शुरूआत की गई, मैं सरकार को बधाई देता हूं कि सरकार ने यह सोच रखी कि 2018 तक देश के पूत्येक गांव तक बिजली पहुंचाने का काम सरकार करेगी। 1977 के अन्दर जब चौधरी देवी लाल जी हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, हरियाणा के पूत्येक गांव तक बिजली पहुंचाने का काम उनके द्वारा किया गया। आज हरियाणा के अन्दर एक उससे बड़ी समस्या है कि लोग जिस तरह मेरे से पूर्व जेना जी पानी की समस्या बोल रहे थे, पानी को ढूंढते हुए खेतों में जाकर अपना निकास करके बैठे हैं और एक नहीं, सौ-सौ लोग 50-50 घरों के अन्दर ढाणियों में, एक छोटी बस्ती बनाकर अपना जीवन चला रहे हैं। मैंने इस सदन में जब पावर पर पिछले साल डिबेट थी, तब भी माननीय मंत्री पीयूÂष गोयल जी से निवेदन किया था, कमेटी के अन्दर भी आग्रह किया था, क्वश्चन ऑवर में भी आग्रह किया था कि आज हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, वैस्टर्न उत्तर प्रदेश और पंजाब के अन्दर एक बहुत बड़ा तबका गांवों को छोड़कर ढाणियों के अन्दर, हेमलेट्स के अन्दर जाकर रहने लग गया है। जिस तरह मेरी लोक सभा सीट हिसार के अन्दर 22 करोड़ रुपया इलैक्ट्रिफिकेशन के लिए दिया गया, उससे गांव का फीडर जरूर अपग्रेड हो सकता है, मगर जिन लोगों को आज बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है, उन तक उसका फायदा नहीं पहुंच पा रहा।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि तुरन्त प्रभाव से एक नोटिफिकेशन जारी करके दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के तहत हेमलेट्स को या फिर जो सौ लोगों से ज्यादा के ढाणियों के अन्दर क्लस्टर्स हैं, उनको इन्क्लूड करके इस देश के पूत्येक व्यक्ति तक बिजली पहुंचाने का काम करें। मैं यही उम्मीद रखता हूं कि आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी और पीयूÂष गोयल जी तुरन्त प्रभाव से इस पर कदम उठाने का काम करेंगे। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री सी.पी. जोशी, कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री रवीन्द्र कुमार जेना को श्री दुÂष्यन्त चौटाला द्वारा उठाये गये विÂषय के साथ सम्बन्ध होने की अनुमति पूदान की जाती है।